## संपादकीय

### उजागर हुई असलियत!



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा की और वहां भारत विरोधी शक्तियों और समूहों के साथ बैठकर भारत तथा हिंदुत्व विरोधी बयान देकर उजागर कर दिया कि वे लोकसभा में नेता विरोधी दल नहीं वरन भारत विरोधी नेता हैं। मोहब्बत की दुकान का गाना गाने वाले राहुल गांधी नफरत से इतने अधिक भरे हुए हैं कि अपने पूर्वजों के अच्छे विचारों को भी तिलांजलि दे चुके हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत विमर्श भारत विरोधी, अलगाववादी, विध्वंसक तथा हिंदुत्व का अपमान करने वाला है। राहुल गाँधी की भाषा हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक रही। ऐसा प्रतीत हुआ कि राहुल गांधी वास्तव में शहरी नक्सली हैं और टुकड़े-टुकड़े गैंग के निर्देशक ही उनके सलाहकार हैं।

राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में चीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वहां पर बेरोजगारी नहीं है जबकि भारत और अमेरिका जैसे देशों में भयंकर बेरोजगारी है। सिख समुदाय पर भी राहुल ने विवादित और घटिया बयान दिया और कहा, मेरी लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी? या एक सिख को कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी? जो राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में यह ढिंढोरा पीटते रहे अगर भाजपा 400 पार चली गयी तो वह संविधान बदल देगी आरक्षण को समाप्त कर देगी उन्हीं राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि जब भारत भेदभाव रहित स्थान होगा तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने पर विचार करेगी। अभी ऐसा नहीं है क्योंकि उनकी नजर में 2014 से दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित भगीदारी नहीं मिल रही है। राहुल गांधी ने हिंदी पर भी आरोप मढ़ दिया और कह डाला कि अगर आपको लगता है कि आंध्रप्रदेश के लोग हिंदी जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं तो यह राज्य के लोगों का अपमान है। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके बोलते बोलते राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ तक पहुँच गए औए कहा वे मानते हैं कि महिलाएं घर पर ही रहें, रसोई संभालें। सबसे बड़ा झूठ यह बोलकर आये हैं कि भारतीय राजनीति में प्रेम सम्मान और विनम्रता गायब है।

राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर जो विवादित बयान दिया है उससे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुनपतवंतसिंह पन्नू बहुत खुश हैं तथा उनका समर्थन कर रहा हैं, राहुल के बयानों से खालिस्तान मूवमेंट के समर्थन की बू आ रही है। भारत में पंजाब और पंजाबियत का जो हाल कांग्रेस ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है। कौन नहीं जानता कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 3000 सिखों का जो नरसंहार हुआ, जगह जगह दंगो के दौरान सिखों की पगड़ी उतार कर फेकी गई, उनके घर और दुकानों को आग के हवाले किया गया यह सब कुछ गांधी परिवार के नियंत्रण में ही हुआ था और राहुल के पिता राजीव गांधी ने, बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है कहकर उसका बचाव किया था। कांग्रेस के ही शासनकाल में सिख राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूरा देश जानता है। राहुल गांधी के बयान से भारत का राष्ट्रभक्त सिख समाज आंदोलित और आहत है।

राहुल गांधी ने अमेरिका में एक बड़ा बयान भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी दिया है। राहुल के अनुसार 2024 का लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं था, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी द्वारा नियंत्रित था। बीजेपी के पास अपार धन था, प्रशासन की ताकत थी, चुनाव आयोग का रवैया बीजेपी के पक्ष में था अगर निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 240 सीटें जीत ही नहीं सकती थी। यहाँ राहुल गांधी संभवतः भूल गये कि चुनावों के दौरान कांग्रेस द्वारा सत्ता के दुरुप्रयोग की कहानियां भरी पड़ी हैं वो तो भला हो कि धीरे धीरे चुनाव आयोग ने सामर्थ्य दिखाना आरम्भ किया और चुनाव प्रणाली को सुदृढ़ किया।

राहुल गांधी अमेरिका में धुर भारत विरोधी नेताओं के साथ बैठक करते हैं और उनके साथ विचार विमर्श करते हैं। दुनिया भर में राष्ट्रवादी सरकारों के सबसे बड़े दुश्मन और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जार्ज सोरोस के साथ उनके और उनकी माता जी के सम्बंध अब छुपे नहीं रह गये हैं। राहुल गांधी की सबसे अधिक विवादित मुलाकात डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर और प्रमिला जयपाल सहित विदेशी सरकारों के तख्ता पलट के विशेषज्ञ माने जाने वाले डोनाल्ड ब्लू से होती है जो बताती हैं कि राहुल गांधी के इरादे खतरनाक ही नहीं बहुत ही खतरनाक हैं।

राहुल गांधी प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का ही विरोध करने पर उतारू हो गये हैं। विश्लेषकों का अनुमान है राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा और उनकी बयानबाजी उन्हें ही भारी पड़ने वाली है जिसमें एक अहम मुद्दा आरक्षण का है। राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को बसपा नेत्री मायावती ने लपक लिया है और अब वह उसी को हथियार बनाकर हरियाणा व जम्मू कश्मीर सहित आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पर हमला करने जा रही हैं।

आश्चर्यजनक रूप से राहुल गांधी भारत के शत्रु देशों चीन और पाकिस्तान की निंदा नहीं करते, वह सीमा पार से चलाये जा रहे आतंकवाद का विरोध नहीं करते। राहुल गांधी का स्पष्ट विचार है कि 1947 से पहले भारत का अस्तित्व ही नहीं था। राहुल गांधी अमेरिका में जिस संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करते हैं वह सभी जार्ज सोरोस द्वारा पोषित संस्थाएं हैं। साफ है कि राहुल गांधी देश में अराजकता चाहते हैं। जब राहुल गांधी अमेरिका गये तब भारत में सुनियोजित तरीके से एक ही पैटर्न पर गणेशोत्सव पर हमले किये गये। राहुल गांधी अमेरिका में भाजपा व संघ की तुलना तालिबान से करते हुए हिंदुत्व पर प्रहार करते हैं।

राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान हमेशा ही भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए खाद, पानी उपलब्ध कराते रहते हैं। राहुल गांधी जिस प्रकार चीन और पाकिस्तान की प्रशंसा के पुल बांधते हैं उससे एक बड़ा संदेह और भय पैदा होना स्वाभविक है। उनके मन में हिंदू और हिंदुत्व की विचारधारा के प्रति जिस प्रकार की नफरत भरी हुई है वो बहुसंख्यक समाज के लिए चिंता का विषय है।

# कनीना क्षेत्र में तेज बारिश के साथ हुई 48 एमएम बारिश से बाजरे की फसल गिरी

## बरसाती पानी से सडक मार्ग होने लगे क्षतिग्रस्त



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शुक्रवार रात्री तेज हवा के साथ हुई 48 एमएम बारिश के कारण बाजरे की फसल गिर गई। जिससे उसमें नुकसान की संभावना बन गई है। देखा जाए तो भादोमास में सावन माह से अधिक बारिश हुई है। पिछले पखवाडेभर से लगभग प्रतिदिन हो रही बारिश से बाजरे की फसल खेतों में बिछ गई है जबकि कपास की फसल मे फॉल कम आ रहा है। ज्येष्ठ-आषाढ मास सूखा रहने से बाजरे की देरी से बिजाई की गई थी। अब ये फसल पकाव के अंतिम पडाव पर है। किसान सुभाष चंद, सत्यवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, सुखबीर सिंह ने बताया कि फिलहाल मौसम साफ रहने की जरूरत है। धूप खिलने पर बाजरे की अच्छी पैदावार का अनुमान है। दूसरी ओर बारिश के चलते जगह-जगह पानी जमा हो रहा है। जिससे सडकों की शामत आने लगी हैं। विभिन्न सडक मार्ग खंडित होने लगे हैं। मक्खी-मच्छर पनपने से फीवर का प्रकोप होने से अस्पतालों में ओपीडी की संख्या में बढौत्तरी हो रही है। कनीना में कछुआ गति से किए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर अव्यवस्था बनी हुई है। उसमें बारिश का पानी जमा होने से नाला अवरूध हो गया है। कनीना-अटेली मार्ग पर आरओबी का कार्य किए जाने तथा रेवाडी मोड से लेकर एसडीएम कार्यालय तक नाले का निर्माण कार्य चलने से चंहुओर यातायात की अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। आए दिन सडक जाम के हालात बन रहे हैं। टुकडों में किए जा रहे नाला निर्माणाधीन में बारिश के पानी के साथ कूडा-कचरा व पोलीथीन जाने से समस्या पैदा करने लगा है। इस नाले का निर्माण बारिश का मौसम शुरू होने से पहले पूरा किया जाना चाहिए था लेकिन लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की सुस्ती तथा ठेकेदार की लचर व्यवस्था के कारण बारिश के मौसम में अव्यवस्था पैदा कर दी।

# लोहारू विधानसभा क्षेत्र से शुक्रवार को जांच के बाद 15 उम्मीदवार रहे मैदान में: मनोज दलाल



**लोहारू से कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किए थे दाखिल, जांच के बाद सभी के नामांकन पाए ठीक**

**भाजपा,कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के कवरिंग उम्मीदवारो के नामांकन हुए रद्द : एसडीएम**

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल सहित नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी तथा उम्मीदवार अथवा उनके चुनाव एजेंट उपस्थित रहे। कुल 18 नामांकन पत्र भरे गए थे। जांच के दौरान सभी नामांकन पत्र ठीक पाए गए। इसलिए भाजपा, कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हो गए। लोहारू विधानसभा क्षेत्र से जांच के बाद 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे हैं। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र से जांच के बाद 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में चुनाव के लिए रह गए हैं। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी से जयप्रकाश दलाल,राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजबीरसिंह फरटिया, आम आदमी पार्टी से गीता बाला के नामांकन जांच के दौरान ठीक पाए गए। इसलिए इनके कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हो गए। उन्होंने बताया कि इनेलो व बसपा पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर भूपसिंह निवासी गांव बैराण, जननायक जनता पार्टी से अलका आर्या के नामांकन पत्र ठीक पाए गए हैं। एसडीएम एवं आरओ ने बताया कि संदीप पुत्र नफेसिंह गांव ढाणी बल्हारा, सूरजभान पुत्र बख्तावर निवासी गांव सोहांसड़ा, राजबीर पुत्र भरतसिंह गांव अमीरवास, अमरसिंह पुत्र उदमीराम चैहड़कलां, राजबीर पुत्र मुलाराम गांव ढाणी अकबरपुर, सुरेश कुमार कायत निवासी कुड़ल, कृष्ण कुमार पुत्र सतपाल गांव बारवास, संजय पुत्र बीरबल गांव बिसलवास, राजबीर पुत्र बेगराज गांव हरियावास,सज्जन भारद्वाज सहित आजाद प्रत्याशी के तौर पर दाखिल नामांकन पत्र भी सही पाए गए। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। वहीं 16 सितंबर को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा तथा आठ अक्टूबर को मतगणना होगी और मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# कुमारी शारदा राठौर के नामांकन के बाद मोहना रोड कार्यालय पर लग रही समर्थकों भीड



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में कुमारी शारदा राठौर के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन के बाद से बड़ा हलचल मचा हुआ है। मोहना रोड स्थित उनके कार्यालय पर लगातार समर्थकों का तांता लगा हुआ है, और जनता का उत्साह चरम पर है। कुमारी राठौर की जनता में बढ़ती लोकप्रियता इस बात का संकेत है कि वह क्षेत्र की जनता के दिलों में गहरी जगह बना चुकी हैं। पूर्व में दो बार विधायक रह चुकी कुमारी शारदा राठौर को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनकी ईमानदार और सशक्त नेतृत्व क्षमता के कारण वह बल्लभगढ़ की जनता के बीच एक सम्मानित नेता के रूप में जानी जाती हैं। क्षेत्र में उनके किए गए विकास कार्यों और निःस्वार्थ सेवाभाव ने उन्हें एक अनुभवी और जनता से जुड़े हुए राजनेता के रूप में स्थापित किया है।

कुमारी शारदा राठौर को क्षेत्रवासियों से मिल रहे भारी समर्थन के बीच, हजारों की संख्या में लोगों ने उनके कार्यालय पहुंचकर उन्हें अग्रिम बधाई दी और आगामी चुनाव में उनकी जीत को सुनिश्चित माना। समर्थकों का कहना है कि कुमारी राठौर ही वह नेता हैं जो उनके हितों की सही तरीके से रक्षा कर सकती हैं और क्षेत्र के विकास के लिए काम कर सकती हैं। राठौर के मोहना रोड कार्यालय पर आने वाले समर्थक चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और हरसंभव सहयोग देने का वादा कर रहे हैं। क्षेत्र के निवासियों का मानना है कि कुमारी शारदा राठौर ने अपने वर्षों के अनुभव और जनता के लिए किए गए कामों से साबित किया है कि वह बल्लभगढ़ की असली नेता हैं। चुनावी मैदान में उतरने के बाद से कुमारी राठौर की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उनकी सशक्त छवि और जनता के प्रति निःस्वार्थ सेवा ने उन्हें किसी भी परिचय से परे एक सशक्त और प्रमुख उम्मीदवार बना दिया है, जो इस बार चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव लाने वाली हैं। वह एक मजबूत और जीतने वाले दावेदार के रूप में उभर रही हैं।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मनाया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय की सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष तथा कॉलेज प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2024 मनाया गया। विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस हर वर्ष 14 सितंबर को आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र की देखरेख में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद से मोटिवेशनल स्पीकर एवम सर्व मास्टर ट्रेनर श्री दर्शन भाटिया ने वर्ष 2024 के थीम 'प्राथमिक चिकित्सा एवं खेल' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने पौधा भेंट कर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। श्री भाटिया ने अपने व्याख्यान में सर्वप्रथम रेड क्रॉस के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा उसके बाद प्राथमिक उपचार के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है तथा बहुत बार खेलते समय प्राथमिक चिकित्सा या उपचार की आवश्यकता होती है। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं को खेल तथा दिन प्रतिदिन कि हमारी आवश्यकताओं से जोड़कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया। यूथ रेड क्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के वॉलिंटियर्स ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 38 वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सुभाष कैलोरिया, वाईआरसी काउंसलर ने इस सरल तथा लाभदायक व्याख्यान के लिए श्री दर्शन भाटिया का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जन कल्याण की भावना से किया 29वें हवन का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जल झूलनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को जेल परिसर में 29वें हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें जेल कर्मियों ने हिस्सा लिया। जेल वार्डन महेश भारद्वाज ने बताया कि उनकी ओर से प्रत्येक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को जिला जेल में हवन का आयोजन किया जाता है। जिसमें जन कल्याण के लिए आहुति डाली जाती है। हवन में राजेन्द्र शास्त्री,लाईन ऑफिसर रमेश बामल, हेड वार्डन किशन प्रधान, जेल वार्डन विनोद यादव, एसपीओ ईश्वर सिंह, जेल नारी शक्ति, जेल सुपरिंटेंडेंट संजय बांगड़ मंगलाहुति डाल सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि जेल स्टाफ की ओर से क्षेत्र में धन-धान्य, यश-कीर्ति, पशुधन - फसलधन, व्यापारधन व निरोगता के लिए हवन का आयोजन किया जाता है।

फोटो कैप्शन-केएनए 14 2 कनीना-हवन में आहुति डालते कर्मचारी।

# लंबे समय से टूटे सडक मार्ग को नहीं किया जा रहा ठीक, वाहन चालक परेशान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे नम्बर 24 से गुढा गांव को लिंक करने वाला रोड लंबे समय से टूटा होने के कारण सडक हादसों को बढावा मिल रहा है वहीं वाहन चालक परेशान हैं। रेलवे क्रासिंग फाटक गुढा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चैडे मार्ग की साइडें कटने तथा उसमें गड्ढे होने वाहन चालक परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस मार्ग को 18 फुट अपग्रेड कर पुर्ननिर्माण की मांग की है। दूसरी ओर कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन के कारण करीब दोनों ओर दो सो मीटर तक सडक में गड्ढे बने हुए हैं। यहां पर लगी टाइलों को जेसीबी से उखाड कर दुबारा लगाया है लेकिन लीकेज को दुरूस्त नहीं किया। इस स्थान पर अनेकों सडक हादसे घटित हो चुके हैं। उसके बावजूद लोकनिर्माण विभाग की ओर से सडक निर्माण करना दूर पैचवर्क भी नहीं किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी किसी बडे हादसे के इंतजार में हैं। वाहन चालकों ने टूटी सडक को दुरूस्त करवाने की मांग की है।

# एसडीजेएम कनीना कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक आदलत में सहमति से 182 विवादों का किया निपटान



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शनिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें जेएमआईसी विशेष गर्ग ने अधिवक्ता एवं वाद सम्बंधी पक्षकारों की आपसी सहमति से राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 217 केस रखे गए जिनमें से 182 का निपटारा किया गया। एसडीजेएम प्रवीन कुमार ने कहा कि छोटी-छोटी बातों को लेकर बडा विवाद न बनाएं। कोर्ट में जाने की प्रवृति को त्याग कर आमजन भाईचारा खराब न करें। बार एसोसिएशन कनीना के अध्यक्ष सुनील रामबास ने बताया कि लोक अदालत में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में कोर्ट में लंबित वाद आपसी समझौते से आसानी से निपटा सकते हैं। बैंक रिकवरी के 4, एमवी एक्ट के 5, एनआई एक्ट के 16, ओसीसी के 30, राजस्व के 4 एवं 123 अन्य सहित कुल 182 केसों का निपटान किया गया ओर 4589060 रूपये की रिकवरी की गई। इस अवसर पर कोर्ट के प्रवाचक इंद्रजीत सिंह, अहलमद विशाल सिवाच, नाजिर दिनेश कुमार, अधिवक्ता संदीप सिंह, दिनेश कुमार, सतीश कुमार, ओपी यादव उपस्थित थे।

# सेठ मेघराज जिंदल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** स्थानीय सेठ मेघराज जिंदल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,सिवानी, हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ सत्यपाल सिंह के अनुमोदन व प्रोत्साहन से करवाया गया है प्रतियोगिता प्रारंभ करने से पहले हिंदी विभाग से डॉक्टर सुमन शर्मा ने हिंदी है नाम मेरा, भारत के जन-जन की भाषा मैं कविता सुन कर इस प्रतियोगिता का प्रारंभ करवाया। प्रतियोगिता के प्रमुख विषय तकनीकी युग में हिंदी की बढ़ती उपयोगिता, विज्ञापन में हिंदी का प्रयोग, हिंदी के क्षेत्र में बढ़ते रोजगार के सुअवसर इस प्रतियोगिता के प्रमुख विषय रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें से एम हिंदी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी रेनू,सावित्री , रीनू, भतेरी,पूजा, दीपक शामिल हुए वहीं एम ए हिंदी द्वितीय वर्ष के तन्वी, सीता, पूजा, राजबाला, प्रियंका इत्यादि विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ मीनाक्षी, डॉक्टर सुमन शर्मा, डॉक्टर नीलम रानी शामिल थी, पूरे हिंदी विभाग ने विद्यार्थियों के निबंधो का मूल्यांकन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं तथा इनाम देकर प्रोत्साहित किया। हिंदी को ऐसे ही अपने माथे की बिंदी बनाकर इसमें रोजगार की नई-नई संभावनाएं खोज कर आगे बढ़ाने के लिए पूरे विभाग ने प्रोत्साहित किया तथा हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

